5 मैं बनूंगा सरपंच
मैं राजा नहीं जनता का सेवक हूं : मनोहर लाल

6 अभिमत
आतंकवाद के विरुद्ध समग्र दृष्टिकोण

9 देश/विदेश
सत्ता से बेदखल किए लोग वापसी के लिए निकाल रहे हैं यात्रा : मोदी

11 कॅरियर
बढ़ें इंटर्नशिप की ओर बढ़ें

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



क्या उमरान मलिक और संजू सैमसन को मौका देगा भारत ?
पेज - 12

# सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य के वक्तव्य के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज शुक्ला ने कार्यक्रम की विषय वस्तु को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने इस कार्यक्रम की महत्वता पर प्रकाश डाला। इस सत्र के मुख्य वक्ता मंजूश्री (योगा प्रशिक्षक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की महिला शाखा (महिला पतंजलि योग समिति) के राज्य अध्यक्ष ने हॉलिस्टिक वैलनेस के बारे में प्रतिभागियों को बताया।